# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 05 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 98

# जून महीने से वन नेशन-वन राशन कार्ड होगा लागू

**नई दिल्ली (आरएनएस)। नए साल के मौके पर मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है. इसी साल जून महीने से देशभर में वन नेशन, वन राशन कार्ड स्कीम लागू हो जाएगा। जबकि 1 जनवरी 2020 से ही देश के कुल 12 राज्यों आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, गोवा, झारखंड और त्रिपुरा में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड की सुविधा की शुरुआत हो गई है।**

**» नए साल पर मोदी सरकार का बड़ा ऐलान**



केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान कहा है कि बाकी बचे राज्यों में भी जून महीने से वन नेशन वन राशन कार्ड लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2020 से ही वन नेशन वन राशन कार्ड मोदी सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना के तहत पूरे देश में पीडीएस घारकों को देश के किसी भी कोने में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों से उनके हिस्से का राशन मिल सकेगा। इस योजना के तहत पीडीएस के लाभार्थियों की पहचान उनके आधार कार्ड पर इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस से की जाएगी।

केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देशभर में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को सस्ते दामों पर खाद्यान मुहैया करवाती है। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में इस योजना की शुरू होने पर केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को बधाई देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2020 से हरियाणा समेत 12 राज्यों में वन नेशन वन राशन कार्ड लागू होने से देश के विभिन्न स्थानों पर रोजी-रोटी कमाने जाने वालों को राशन लेने में सुविधा होगी इसके लिए वह केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान जी का आभार प्रकट करते हैं।

खट्टर ने आगे कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 2014 से ही श्एक भारत-श्रेष्ठ भारतश् के सिद्धांत का पालन करते हुए कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं। इसी कड़ी में वन नेशन वन राशन कार्ड अवधारणा को मूर्तरूप देने से पूरे देश की राशन प्रणाली में एकरूपता आएगी।

## दूसरे राज्य भी राशन देने से नहीं करेंगे मना

वहीं देश के कई राज्यों में जनवितरण प्रणाली की दयनीय स्थिति भी है मध्यप्रदेश में विक्रेताओं को 60 महीने से भी ज्यादा वेतन नही मिल रहा है। दूसरी तरफ जन वितरण प्रणाली की दुकानों में पारदर्शिता को लेकर ई-पॉज मशीन से राशन वितरण का दिया गया है निर्देश, लेकिन पॉज मशीन के कारण दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी नेटवर्क की दिक्कत तो कभी थंब इम्प्रेशन नहीं मैच करने से लाभुकों को भी परेशानी हो रही है।

# राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सड़कों पर उतरे सिख संगठन

**» पाकिस्तान के ननकाना साहिब पर हमले का विरोध**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान के ननकाना साहिब में शुक्रवार को भीड़ द्वारा किए गए पथराव और हमले के खिलाफ शनिवार को दिल्ली में अकाली दल और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विरोध प्रदर्शन पर अपनी नाराजगी जाहिर की। इस प्रदर्शन में कई सिख संगठनों ने भी हिस्सा लिया।



प्रदर्शन कर रहे सिखों ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह की हमले पाकिस्तान के कायराना चेहरे को उजागर करते हैं। इस तरह के हमलों के लिए भीड़ के साथ ही पाकिस्तान सरकार भी जिम्मेदार है।

वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी पाकिस्तान में ननकाना साहिब पर भीड़ के कथित पथराव एवं नारेबाजी की घटना की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि परस्पर सम्मान और प्रेम की बदौलत ही धर्मान्धता के जहर को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ननकाना साहिब पर हमला निंदनीय है और इसकी खुल कर भर्त्सना करनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि धर्मान्धता खतरनाक है और यह बहुत पुराना जहर है जिसकी कोई सीमा नहीं होती। प्रेम, परस्पर सम्मान और समझ ही इस जहर को खत्म करती है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर हुआ हमला मानवता के आदर्शों एवं धार्मिक मूल्यों को शर्मसार करने वाली घटना है। इस हमले के लिए सीधे तौर पर पाकिस्तान की सरकार जिम्मेदार है। इस घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरकार ननकाना साहिब की सुरक्षा सुनिश्चित करे। पाकिस्तान में गुरुद्वारे पर हुए हमले को लेकर कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा, श्मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

# भ्रष्टाचार के आरोप में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के दो शीर्ष अधिकारी बर्खास्त



**बीजिंग।** चीन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत दस लाख से अधिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार और सत्ता का दुरुपयोग करने के लिए दंडित किया गया है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि इससे चिनफिंग को अपनी स्थिति मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दर्जनों शीर्ष जनरलों और अधिकारियों को भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के चलते बर्खास्त किया गया है या उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया है। सीपीसी केंद्रीय अनुशासन आयोग ने शनिवार को एक बयान में कहा कि शानक्सी प्रांत में सीपीसी के प्रमुख झाओ झेंगयोंग और प्रांत के डिप्टी गवर्नर चेन गुओकियांग को अनुशासन भंग करने और भ्रष्टाचार के लिए बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें कहा गया कि झाओ अपने आदर्शों से भटक गए थे और पार्टी के प्रति उनकी वफादारी खत्म हो गई थी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बयान के हवाले से कहा कि झाओ ने राजनीति, संगठन और स्वच्छ शासन को लेकर पार्टी के अनुशासन मानकों का उल्लंघन किया और उन पर घूस लेने का संदेह है। डिप्टी गवर्नर चेन को भी पार्टी और उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है।

## इंडोनेशिया में बाढ़ से अब तक 53 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में जबरदस्त बाढ़ और भूस्खलन के कारण जकार्ता और आसपास के इलाकों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है और जल जमाव के कारण शनिवार को हजारों लोग अपने घरों में लौटने में असमर्थ हैं। नए साल से एक दिन पहले हुई भारी बारिश के बाद से भारी बारिश और बाढ़ के कारण राजधानी में कई इलाके जलमग्न हो गए और हजारों लोग बेघर हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अब भी करीब 1,70,000 लोग अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं।

# सरकारी अस्पताल में 100 से अधिक बच्चों की मौत पर एनएचआरसी ने सरकार को नोटिस जारी किया

**कोटा (आरएनएस)।** भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने राजस्थान के कोटा जिले में एक सरकारी अस्पताल में दिसंबर, 2019 के महीने में 100 से अधिक बच्चों की मौत के बारे में मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है। 100 बच्चों में से 10 बच्चों की मृत्यु 23 से 24 दिसंबर, 2019 के बीच 48 घंटे में हो गई थीं। कथित तौर पर, अस्पताल में स्थापित 50 फीसदी से अधिक गैजेट खराब हैं और



अस्पताल में गहन देखभाल और बुनियादी सुविधाओं की कमी है, अस्पताल में सफाई की कमी और आधारभूत सुविधाओं का अभाव है, जिसमें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी शामिल है।

आयोग ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को इस मामले में चार सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने, इस मुद्दे को हल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में विवरण देने और यह सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी किया है कि अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से भविष्य में बच्चों की इस तरह की मौतों की पुनरावृत्ति न हो।

# राज्यसभा की 73 सीटें होंगी खाली, भाजपा को बहुमत की चुनौती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस साल राज्यसभा की 73 सीटों के लिए चुनाव कराने होंगे, क्योंकि साल के अंत तक राज्यसभा के 69 सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। इसके अलावा चार सीटें पहले से ही रिक्त पड़ी हैं। ऐसे में इस साल उच्च्य सदन की 73 सीटों के लिए चुनाव कराए जाएंगे।



इस साल अकेले उप्र से 10 सीटें खाली हो रही हैं। राज्य में भाजपा की सरकार है, इसलिए ज्यादातर सीटें भाजपा के खाते में जाएंगी। सबसे ज्यादा नुकसान यहां समाजवादी पार्टी को होगा। अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों का साफ-साफ असर राज्यसभा चुनाव पर पड़ेगा। राज्य विधानसभाओं का अंकगणित इस बार भाजपा के खिलाफ जा रहा है। चार सीटें पहले से ही रिक्त होने के कारण उच्च सदन में कुल 73 सीटों के लिए चुनाव होगा। सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों में 18 भाजपा के और 17 कांग्रेस के हैं। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार इस साल सबसे पहले सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों में मनोनीत सदस्य केटीएस तुलसी हैं। वह अगले महीने 24 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे। इसके बाद दो और नौ अप्रैल को राज्यसभा में 15 राज्यों के 51 सदस्य सेवानिवृत्त होंगे। इनमें राजग के घटक दलों में 15 भाजपा के, तीन जदयू के और चार अन्नाद्रमुक के हैं। इसके अलावा राजग में शामिल नहीं होने के बावजूद सदन में सत्तापक्ष का साथ दे रहे बीजद के भी दो सदस्य अप्रैल में ही सेवानिवृत्त होंगे। उधर, विपक्षी दलों में कांग्रेस के 13, तृणमूल कांग्रेस के चार और राकांपा के दो सदस्य अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। इसके बाद जून में पांच सीटें रिक्त होंगी। इनमें चार कर्नाटक और एक आंध्र प्रदेश से है।

## दिल्ली को ठंड से मिली राहत, वायू हुई प्रदूषित

**» चेन्नई में की 4 फ्लाइट डायवर्ट**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में शनिवार को ठंड से राहत मिल गई है। दिल्ली में सुबह के वक्त न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि, दिल्ली की हवा फिर प्रदूषित हो गई है। केंद्रीय वायु नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, एयर क्वालिटी इंडेक्स 390 दर्ज किया गया है। दिल्ली के कुछ क्षेत्र में मौसम साफ है तो कहीं कोहरा जमा हुआ है। कम विजिबिलिटी की वजह से उत्तर रेलवे की 19 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। वहीं, तमिलनाडु में चेन्नई एयरपोर्ट पर कम विजिबिलिटी के कारण चार फ्लाइटें डायवर्ट करनी पड़ी, जबकि 10 लेट चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश और बिहार में घना कोहरा छाया रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में कहीं मध्यम तो कहीं घना कोहरा है।

# नागरिकता कानून का नहीं दलित व गरीबों का हो रहा है विरोधः राय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध करने वाले लोगों को ओबीसी और दलित विरोधी है घोषित कर दिया जाना चाहिए। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़न के कारण वहां से आने वाले लोगों में अधिकतर शर्णार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दलित वर्ग से हैं। उन्हें सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागरिकता कानून लेकर आए हैं।



नित्यानंद राय ने ओबीसी समुदाय की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई सीएए का विरोध करता है तो उसे दलित विरोधी और ओबीसी विरोधी घोषित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएए का विरोद ओबीसी समुदाय पर हमला है। मुट्ठी भर लोग बाहर निकल आए हैं और संशोधित कानून का विरोध कर रहे हैं। ओबीसी लोगों को सिंह के समान गर्जना करनी चाहिए और प्रदर्शनकारियों से ज्यादा तेज आवाज उठानी चाहिए।

# आज शाह 30 हजार कार्यकर्ताओं को देंगे बूथ जीतो-चुनाव जीतो का मंत्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 का कार्यक्रम भले ही अभी घोषित नहीं हुआ है, मगर भाजपा का चुनाव अभियान आक्रामक हो चला है। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह इसी क्रम में रविवार को 30 हजार से अधिक बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र देंगे।



भाजपा अध्यक्ष अमित शाह हर चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को श्बूथ जीतो-चुनाव जीतो का खास टिप्स देते हैं। अमित शाह इस सम्मेलन के जरिये विधानसभा चुनाव में 51 प्रतिशत वोट शेयर पाने का कार्यकर्ताओं को लक्ष्य देंगे, ताकि आप-कांग्रेस में गठबंधन होने की स्थिति में भी भाजपा पर असर न पड़े। शाह रविवार साढ़े 11 बजे से इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस सम्मेलन में अमित शाह सभी बूथ प्रभारियों को अपने बूथ पर 51 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य देंगे। शाह हर चुनाव से पहले बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलनों में इस बात पर जोर देते रहे हैं कि जीत की सीढ़ी बूथ से शुरू होती है।

# भाजपा नेता ने ममता, राहुल, केजरीवाल को भेजी संविधान की प्रतियां

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रहे विपक्ष के नेताओं को भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने भारतीय संविधान की प्रतियां भेजी है। उन्होंने भारतीय संविधान की तीन प्रति इन नेताओं के आवासीय पते पर डाक से भेजी है। भाजपा नेता ने विपक्ष के तीनों नेताओं को संबोधित पत्र में कहा है, आपके लिए भारत का संविधान भेज दिया है। कृपया एकबार अनुच्छेद 246 और 256 पढ़ें। अनुसूची 7 सूची 3 की एंट्री 17 को समझें।




अनुसूची 3 में दी गई शपथ फिर से दोहराएं, और अंत में पाकिस्तान के प्रथम कानून मंत्री जोगेंद्र नाथ मंडल का त्यागपत्र जरूर पढ़ें।

भाजपा नेता ने कहा, अनुच्छेद 246 में केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों का बंटवारा किया गया है, जबकि अनुच्छेद 256 में केंद्र सरकार के फैसलों का पालन करना राज्यों के लिए अनिवार्य किया गया है। वहीं अनुसूची तीन में सांसद-विधायक, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री आदि पदों पर बैठे व्यक्तियों की शपथ का प्रोफार्मा है। चूंकि केजरीवाल और ममता बनर्जी बतौर मुख्यमंत्री और राहुल गांधी सांसद के रूप में संविधान की शपथ लेने के बावजूद जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं और केंद्र सरकार के संविधान के अनुकूल लिए फैसले के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, इसलिए उन्हें संविधान की प्रति भेजकर ज्ञान बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमिलनाडु के पूर्व विस अध्यक्ष पांडियन का निधन

**चेन्नइ (आरएनएस)।** अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं तमिलनाडु विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पी एच पांडियन का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। पिछले कुछ महीनों से पोरूर उपनगर स्थित श्रीरामचंद्र मेडिकल सेंटर अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था , जहां उन्होंने आज सुबह अंतिम सांसे ली। अन्नाद्रमुक के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन के करीबी सहयोगी रहे पांडियन ने 1977, 1980 और 1984 में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र चेरनमहादेवी से विधानसभा का चुनाव जीता था।

### लश्कर का खूंखार आतंकी श्रीनगर से गिरफ्तार

**» सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के खूंखार आतंकी निसार डार को शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के 'स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप' ने उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले में हाजिन इलाके के निवासी निसार अहमद डार को शहर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि, वह कुल्लन गांदरबल में एक मुठभेड़ से बच गया था, जिसमें एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया था।

### घने कोहरे के कारण एयर क्राफ्ट कैश, 2 पायलटों की मौत

**सागर(आरएनएस)।** घने कोहरे के चलते मध्य प्रदेश के सागर में शुक्रवार रात एक एयरक्राफ्ट क्रैश हो जाने से दो पायलट की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सागर से 14 किमी दूर ढाना हवाई पट्टी के पास ये हादसा हुआ है। आशंका यह जताई जा रही है कि घने कोहरे के कारण पायलट रनवे का अंदाजा नहीं लगा पाए और विमान गलत जगह पर लैंड कर दी। हादसे में ट्रेनर पायलट अशोक मकवाना और ट्रेनी पायलेट पीयूष चंदेल की जान चली गई है। यह एयरक्राफ्ट चाइम्स एकेडमी का था और पायलट रात के अंधेर में विमान को लैंड कराने का प्रयास कर रहा था।

### कोहरे की वजह से दिल्ली आने वाली 19 ट्रेनें 2 से 5 घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वाली 19 ट्रेनें आज भी लेट से चल रही है। रेलवे के मुताबिक, घने कोहरे की वजह से ये ट्रेनें लेट से आ रही हैं। ये ट्रेनें 2 से 5 घंटे तक लेट चल रही हैं। नई दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस 2 घंटे, गोवा निजामुद्दीन एक्सप्रेस 5 घंटे, हावड़ा नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 3 घंटे, भागलपुर आनन्द विहार एक्सप्रेस 2 घंटे लेट से चल रही हैं। दुर्ग निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस 2.5 घंटे, मुम्बई अमृतसर एक्सप्रेस 3.15 घंटे, बरौनी दिल्ली, वैशाली एक्सप्रेस 2.45 घंटे लेट से दिल्ली आ रही हैं।

### शिवसेना नेता अब्दुल सत्तार ने दिया मंत्री पद से इस्तीफा

**» उद्धव सरकार को झटका**

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार में दरार आ गई है। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद से ही लगातार मंत्री पद न मिलने पर विधायकों की नाराजगी की खबरें सामने आ रही थी। अब खबर है कि औरंगाबाद से पार्टी के विधायक और राज्यमंत्री अब्दुल सत्तार ने शनिवार को उद्धव ठाकरे कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्दुल सत्तार ने अपना इस्तीफा सीएम उद्धव ठाकरे को सौंप दिया है। पार्टी के दिग्गज नेता उन्हें मनाने में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि वे कैबिनेट मंत्री ना बनाए जाने से नाराज थे।

### चीन में 60 साल के ऊपर बुजुर्गो की संख्या 25 करोड़ पहुंची

**बीजिंग।** चीन में मौजूदा समय में 60 साल से ऊपर वाले बुजुर्गो की संख्या 25 करोड़ तक जा पहुंची है। इनके लिए वाणिज्यक पेंशन बीमा की बड़ी आवश्यकता है। चीनी बैंकिंग बीमा नियामक आयोग के एक वरिष्ठ अफसर के अनुसार राज्य परिषद द्वारा प्रकाशित नव दस्तावेज के अनुसार बूढ़ों के लिए सही कीमत वाली, लचीली और कुशल बीमा सेवा तैयार की जाएगी।